1996	77142
1997	734

(ख) वर्ष, 1998 (सितम्बर तक) के दौरान बिना बारी आधार पर जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों की संख्या 55 है, तेल कंपनियां उनके लिए उपलब्ध कोटे के तहत कुछ एक वरीयता कनेक्शन जारी कर रही है।

विवेकाधीन कोटे के माध्यम से दिए गए पेट्रोल पम्पों की नीलामी

2741. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या केन्द्र में कांग्रेस शासन के दौरान मंत्री के विवेकाधीन कोटे से जारी किए गए पेट्रोल पम्पों की सार्वजनिक नीलामी करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश का कार्यान्वयन कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो नीलामी के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई अब तक कितने पेट्रोल पम्प नीलाम किए जा चुके हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) और (ख) जी हां।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द की गई 15 खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशिपों में से केवल 5 खुदरा बिक्री केन्द्र, जो आरंभ किए गए थे, नीलाम किये जाने थे तेल कंपनियों ने इन पांच खुदरा बिक्री केन्द्रों से संबंधित नीलामी के अन्तर्गत प्रतिभागिता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए विज्ञापन जारी किए थे। नीलाम होने वाले इन 5 खुदरा बिक्री केन्द्रों में से एक खुदरा बिक्री केन्द्र माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा नीलामी नोटिस रद्द किए जाने के कारण नीलाम नहीं किया जा सका था। शेष बचे चार खुदरा बिक्री केन्द्र निम्नवत् नीलाम कर दिए गए हैं:

मूल डीलर/नीलाम होने वाले स्थान का नाम	सबसे ऊंची बोली देने वाले बोलीदाता का नाम	धनराशि (रुपए)
1. श्रीमती विजया नायर दिल्ली	श्री महाबीर प्रसाद सैनी 4/12, अशोक मोहल्ला नांगलोई, दिल्ली-41	3.11 करोड़
2. श्री अरूण कुमार गुप्ता चण्डीगढ़	श्री अमरजीत सिंह रंधावा, मकान सं० 82, सैक्टर 27-ए चण्डीगढ़	1.75 करोड़
3. श्री बन्जामिन, के० होल्लोहों, दीमापुर (नागालैण्ड)	श्री बेन्जामिन मार्फतः श्री के० होल्लोहों, चुमुकेडीमा, दीमापुर	15.75 लाख
4. श्री धर्मेश कुमार टंडला (उ०प्र०)	श्री राम कुमार गुप्ता श्री अमित कुमार जैन भागीदारी में, बलदेव नगर, टंडला, फिरोजाबाद (उ०प्र०)	45.0 लाख

Closure of Hazira Plant due to floods

2742. **SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA:** Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether ONGC's Hazira Plant was shut down in the recent past due to floods;